Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of National Highways in Kalahandi Parliamentary Constituency-laid.

श्री बसंत कुमार पंडा (**कालाहाण्डी**): मेरा लोकसभा क्षेत्र कालाहांडी है जिसमें दो ज़िले नुआपडा और कालाहांडी है और यें दोनों आकांक्षी ज़िले है । मेरा क्षेत्र छतीसगढ़ से लगा हुआ है और जहाँ से छतीसगढ़ के लिए ट्रक/बड़ी गाड़ियाँ बड़ी संख्या में गुजरती है । इसलिए निवेदन यह है कि एक नए राष्ट्रीय राजमार्ग की बहुत ज़रूरत है जो पटनागढ़, खपराखोल, हरिशंकर रोड (जिला बोलंगीर) से उद्यानबंध, तरबोड, नुआपडा व धरमबंधा (ओडिशा) होते हुए छुरा, गरियाबंद, धमतरी (छत्तीसगढ़) तक जाता है । इसकी लम्बाई लगभग 200KM है । दूसरा निवेदन यह है कि जूनागढ़ (कालाहांडी) से देवभोग होते हुए रायपुर (छत्तीसगढ़) तक जाता है जिसकी लम्बाई लगभग 245KM है । छत्तीसगढ़ हमारा पड़ोसी राज्य होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों का पारिवारिक सम्बन्ध के साथ-साथ व्यवसायिक, मार्केटिंग और चिकित्सा उपचार के लिए आवागमन होता रहता है I इन दोनो माँगों के पूरी होने पर क्षेत्र की जनता में ख़ुशी की लहर होगी ।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त नए राष्ट्रीय राजमार्ग का अनुमोदन जल्द से जल्द किया जाए ।